an>

Title: Issue regarding Shell company scam in Bihar and Bengal.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि एक शेल कंपनी घोटाला, जो बिहार में शुरू हुआ। अभी बंगाल में एक नया शेल कंपनी घोटाला सामने आया है। बिहार में बेटा इनवाल्व्ड था तो बंगाल में भतीजे का नाम सामने आ रहा है।

सभापति महोदय, सबसे आश्चर्य की बात यह है कि जो नॉन-ट्रांसपेरेंट मनी, किक बैक जिस लीप्स एंड बाउंड्स नाम की कंपनी में दी गयी, उस कंपनी का रजिस्टर्ड पता है - 30बी, हरीश चटर्जी रोड, कोलकाता। यह कंपनी नॉन-ट्रांसपेरेंट एक्टीविटीज में इनवाल्व्ड है। राज किशोर मोदी, जो मोस्ट नोटोरियस, टेन्टेड रियलटर है, ने इस कंपनी में डेढ़ करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। राज किशोर मोदी की कंपनी में जो डायरेक्टर है - अशोक तुलसियान, वह लीप्स एंड बाउंड्स कंपनी का ऑडिटर है। हरीश चटर्जी रोड, कोलकाता वहां की ...* का अपना रेजिडेंशियल एड्रेस है, यानि ...* के घर से इस प्रकार की घोटालेबाज शेल कंपनी का रजिस्ट्रेशन होता है और भ्र-ष्टाचार के पैसे ट्रांसफर होते हैं। वह बदमाश बिल्डर ...* के संबंधी, भतीजे को, फिर वह कहां-कहां मेम्बर है, वह उनको पता है, इस प्रकार से पैसे देता है। इस कंपनी की पूरी लिस्ट मेरे पास है।

सभापति महोदय, तीन दर्जन कंपनियां, अनेक ट्रांसपेरेंट एंड नॉन-ट्रांसपेरेंट ट्रांजैक्शन्स बाहर आए हैं। जो माननीय सदस्य अभी चले गए, सौगत राय जी बोल रहे थे, बंगाल के छः नेता जेल में गए हैं और ये सातवां है। ...(व्यवधान) इस प्रकार से जो नॉन-ट्रांसपेरेंट कंपनी के द्वारा ...* के घर का दुरूपयोग होता है, इसकी जांच होनी चाहिए और इस सम्बन्ध में कार्रवाई होनी चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति :

श्री अनुराग सिंह ठाकुर,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. किरीट सोमैया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।